आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 03.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान सात वैश्विक फर्मों ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – राज्य सरकार, सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है।
- भगवान उद्धव, गरुड़ उत्सव डोलियां और आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी परम्परा अनुसार बदरीनाथ धाम पहुंची, कल खुलेंगे धाम के कपाट।
- गंगा सप्तमी पर गंगोत्री में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**वेव्स समझौता ज्ञापन**

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईसीटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईसीटी की स्थापना 400 करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आईआईसीटी आईआईटी और आईआईएम के समान मान्यता प्राप्त करेगा।

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि सभी कम्युनिटी रेडियो किसी न किसी उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं और हमारी परंपरा को बढ़ावा दे रहे हैं। वे आज वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री चारधाम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार, सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा कर रही है। वे आज आईएसबीटी, ऋषिकेश में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित "ऋषिकेश से चारधाम यात्रा 2025" को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के लिए ले जा रही 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जब श्रद्धालु, यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर लौटें, देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों और सुखद अनुभव को साथ लेकर जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों से भी अपील की है कि देवभूमि को पवित्र और स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि हरित चारधाम यात्रा के साथ ही स्वच्छता पर राज्य सरकार का विशेष ध्यान है।

## नेपाल प्रतिनिधिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में 10 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के मित्रतापूर्ण संबधों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। सीमावर्ती जिलों में आपसी समन्वय से विकास कार्यों को गति देने, सांस्कृति और धार्मिक संबंधों को बढ़ावा देने, पर्यटन विकास और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड और नेपाल की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत साझा हैं और दोनों क्षेत्रों के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में सहयोग के लिए उत्तराखण्ड सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## प्रवासी उत्तराखंडो सेमिनार

प्रदेश सरकार की ओर से गठित प्रवासी उत्तराखंडी सेल के प्रयासों से एक जून को देहरादून में ऑटिज्म जागरुकता पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में न्यू जर्सी, अमेरिका में रहने वाली प्रवासी उत्तराखंडी और ऑटिज्म विशेषज्ञ अनीता थपलियाल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगी। साथ ही, भारत और अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ भी इस सेमिनार में सहभागिता करेंगे। अनीता थपलियाल शर्मा ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य माता–पिता, शिक्षक और मेडिकल पेशेवरों को ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, प्रारंभिक हस्तक्षेप और समावेशी शिक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। वहीं, सचिव, वी.के. सुमन ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी अनीता थपलियाल शर्मा की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने बताया कि अनीता शर्मा पौड़ी जिले में एक गांव को गोद लेकर वहां कई काम करवा रही हैं। उन्होंने बताया कि अन्य प्रवासी भी प्रवासी सेल के साथ जुड़कर, राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं। सरकार इस कार्य में उन्हें हर संभव मदद दे रही है।

## बदरीनाथ कपाट

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट कल प्रातः 6 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने की प्रक्रियाओं के तहत आज भगवान उद्धव, गरुड़ उत्सव डोलियां और आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी, परम्परा अनुसार बदरीनाथ धाम पहुंच गई हैं। जबकि भगवान कुबेर जी की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए बामणी गांव स्थित मां नंदा देवी मंदिर में पहुंच गई है। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से मन्दिर को 15 कुंतल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। वहीं, धाम के कपाट खुलने के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में देश और विदेश के श्रद्धालुओं के धाम में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। बदरीनाथ धाम में जहां तीर्थयात्रियों की आवाभगत के लिए होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों का संचालन शुरू हो गया है, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। टोकन व्यवस्था कल से ही शुरू होगी। साथ ही जिन श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किया है, उनका ऑफलाइन पंजीकरण किया जाएगा।

## गंगा सप्तमी

गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने गंगा के दर्शन कर पूजन–अर्चन किया और यज्ञ अनुष्ठानों में भाग लिया। गंगा सप्तमी पर ब्रह्म मुहूर्त में गंगा, यमुना और सरस्वती की मूर्तियों का विधिवत अभिषेक व पूजन किया गया। इसके बाद विशेष भोग अर्पित कर उसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। गंगा घाटों पर भक्तों ने तर्पण, पूजा और स्नान कर पुण्य अर्जन किया।

गंगोत्री धाम स्थित श्री पंच समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की स्वर्ण मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया गया। उन्होंने कहा कि आज का दिन गंगा अवतरण की स्मृति में पावन पर्व के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा, शिवजी की जटाओं में अवतरित हुईं और फिर वहां से धरती पर आईं।

उन्होंने बताया कि गंगोत्री में सुबह छह बजे तक मां गंगा का अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती और भोग अर्पित कर भगवती की स्वर्ण मूर्ति को विशेष रूप से सजाया गया।

## मोटर मार्ग प्रतिबंध

चमोली जिले में नन्दप्रयाग–सावरीसेंण–चमोली मोटर मार्ग चार और पांच मई को प्रातः 7 बजे से शाम 7 बजे तक यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत नंदप्रयाग–चमोली वाया सावरीसेंण मोटरमार्ग पर ट्रैफिक होल्डिंग प्वाइंट का निमार्ण और सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। कार्यो को तेजी से पूरा करने के लिए इस मार्ग पर कल और परसों सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित की गयी है।

## मेधावी छात्र सम्मान

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में आज बागेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल के 27 और इंटरमीडिएट के 6 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मेधावी विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं भरे प्रश्नों के उत्तर दिए।

वहीं, जिलाधिकारी से सम्मान पाकर छात्र–छात्राएं काफी खुश नजर आए।